Clause 1, the Enacting Formula, the Preamble and the Title were added to the Bill.

SHRI VED PRAKASH GOYAL: Sir, I move :

That the Bill be passed.

The question was put and the motion was adopted.

THE DEPUTY CHAIRMAN: So, your reply on this Bill in the House was your maiden speech.

SHRI VED PRAKASH GOYAL: I had my maiden speech yesterday itself on another legislation.

THE DEPUTY CHAIRMAN: But today, you have confirmed it. Now, we adjourn for lunch till 2 p.m. When we re-assemble, we will take up the Short Duration Discussion on the drought situation in various parts of the country.

The House then adjourned for lunch, at fifty-six minutes past twelve of the clock.

The House re-assembled after lunch at five minutes past two of the clock, MR. CHAIRMAN in the Chair.

SHORT DURATION DISCUSSION

Drought situation in various parts of the country

श्री मूलचन्द मीणा(राजस्थान)**:** सभापति महोदय, यह अल्पकालिक चर्चा देश के अंदर व्यापक सूखे की मार के संबंध में लायी गयी है। महोदय, भारत व्यापक सूखे की चपेट में है और ऐसी स्थिति में जनता की आवश्यकताओं को समझने वाले एक राजनीतिक नेतृत्व, सतर्क और निपुण प्रशासन की जरूरत है। यह करोड़ो किसानों, खेत मजदूरों के लिए विकट संकट की घड़ी है। लोकतंत्र में शासन का मुख्य कार्य सूखा प्रभावित को तुरंत राहत पहुंचाना होना चाहिए, लेकिन वर्तमान राजनीतिक नेतृत्व, प्रशासनिक मशीनरी इस राष्ट्रीय विपदा की तरफ आवश्यक ध्यान नहीं दे रहा है। वह इस समस्या के प्रति लापरवाह है। सत्तारूढ़ तबका राहत कार्यों के संबंध में, खासकर केन्द्र और राज्य, विफल साबित हो रहे हैं। आज देश के कई राज्यों में वर्षा कम होने के कारण सूखे की स्थिति बनी हुई है। विशेषकर राजस्थान, मध्य प्रदेश, उड़ीसा, आंध्रप्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार जैसे राज्यों के अंदर तो लोगों के सामने अकाल की भीषण स्थिति बनी है। राजस्थान के करीब 41 हजार गांवों में से 40 हजार से अधिक गांवों में अब की बार अकाल की भयंकर स्थिति है, लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए राज्य सरकार ने पहले से ही अंदाजा लगा लिया था और अनुमान लगाकर संकट के निवारण के लिए योजनाएं बना ली थीं व केन्द्र सरकार से सहायता के लिए आग्रह हेतु अपना प्लान पहले से ही भेज दिया था।

महोदय, इस वर्ष राज्य के 32 जिलों के 40,689 गांव सूखे की चपेट में हैं। प्रदेश की 4.47 करोड़ जनसंख्या व 4.51 करोड़ पशु-धन सूखे से प्रभावित हैं। प्रदेश में खरीफ की बुवाई के सामान्य लक्ष्य 129 लाख हैक्टेयर क्षेत्र के विरुद्ध 60.89 लाख हैक्टेयर क्षेत्र में बुवाई हुई जिस में जुलाई माह में वर्षा कम होने के कारण 50 परसेंट बुवाई नष्ट हो गयी। उसके बाद वर्षा न होने के कारण जो बुवाई की गई थी वह लगभग सारी नष्ट हो गई है। आज राजस्थान की जनता इस अकाल की मार से भयंकर दुखी है।

महोदय, राजस्थान की सरकार ने इस अकाल से क्षति का अनुमान 60,519.76 करोड़ रुपए लगाया था, जो केन्द्र सरकार से सहायता के रूप में मांगा था और काम के बदले अनाज योजना के अंतर्गत 56 लाख मीट्रिक टन गेहूं मांगा था। केन्द्र सरकार ने राजस्थान सरकार को उसको जो 56 लाख मीट्रिक टन गेहूं की मांग थी, उसके स्थान पर 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं ही उपलब्ध कराया, जो राजस्थान सरकार ने उठा भी लिया है। राजस्थान का एक दुर्भाग्य यह भी है कि राजस्थान के बारे में केन्द्रीय मंत्री और कई केन्द्रीय नेता यह कहते हैं कि राजस्थान सरकार को जो सहायता दी जा रही है वह राजस्थान सरकार नहीं उठा रही है। इस तरह के शब्दों के भ्रमजाल में फंसाया जाता है। मैं जानना चाहता हूं कि कौनसा ऐसा गेहूं है, जो राजस्थान सरकार नहीं उठा रही? अगर हम इस मामले में दूसरे राज्यों से तुलना करते हैं तो राजस्थान सरकार नहीं उठा रही? अगर हम इस मामले में दूसरे राज्यों से तुलना करते हैं तो राजस्थान सरकार बेहतर काम कर रही है, अच्छा काम कर रही हैं। जो भी उसे मिलता है, उसका ज्यादा परसेंटेज वह अन्य राज्यों की तुलना में उठा रही है। जहां तक एपीएल गेहूं की बात है, राजस्थान सरकार ने 4.9 परसेंट उठाया है, जबकि गुजरात ने 0.4 परसेंट उठाया है, उत्तर प्रदेश ने 0.1 परसेंट उठाया है। यह एपीएल गेहूं कैसा है? यह खराब गेहूं है, जो भीग गया है, गीला हो गया है। बाजार में जब इससे अच्छा और सस्ता गेहूं मिल जाता है तो फिर इस गेहूं को कोई क्यों लेगा, गरीब आदमी इसे क्यों लेगा? इस गेहूं को न उठाने का कारण यही है कि जब कोई दूसरा इसे लेगा ही नहीं तो राज्य सरकार इसको उठाकर कहां ले जाएगी? जब इसे खरीदने वाला कोई नहीं होता तो राज्य सराकर के ऊपर यह दोष क्यों मढ़ दिया जाता है कि राज्य सरकार यह गेहूं नहीं उठा रही?

महोदय, इसी के साथ ही अंत्योदय योजना के अंतर्गत जो गेहूं दिया जाता है, उसकी स्थिति भी मैं आपको बताना चाहता हूं। राजस्थान सरकार ने अंत्योदय योजना में 94.5 परसेंट अपना कोटा उठाया है, गुजरात सरकार ने 76.9 परसेंट अपना कोटा उठाया है, झारखंड सरकार ने 74 परसेंट अपना कोटा उठाया है और उत्तर प्रदेश सरकार ने 49.2 परसेंट अपना कोटा उठाया है। अगर इन सरकारों से तुलना करके देखें तो राजस्थान सरकार ने अपना काम बेहतर किया है। अगर बीपीएल गेहूं की बात करें तो बीपीएल गेहूं वह गेहूं है, जिसके लिए राज्य सरकार ने कई बार केन्द्र सरकार को लिखा है कि इसके रेट कम कर दिए जाएं ताकि जो चयनित परिवार हैं उनको सस्ते रेट पर यह गेहूं दिया जाए, लेकिन केन्द्र सरकार ने अभी तक उनकी बात नहीं सुनी। इसके अलावा बीपीएल गेहूं जो उठाया गया, उसकी स्थिति यह है कि राजस्थान की सरकार ने 75 परसेंट अपना उठाया, जबकि गुजरात सरकार ने 47 परसेंट उठाया, झारखंड सरकार ने 40 परसेंट उठाया और उत्तर प्रदेश की सरकार ने 27 परसेंट उठाया है। यह स्थिति है। फिर क्यों राजस्थान सरकार को लच्छेदार भाषण देकर बदनाम किया जाता है कि राजस्थान की सरकार गेहूं नहीं उठा रही है?

सभापति महोदय, इतना भयंकर अकाल का संकट पहले कभी नहीं हुआ। सदियों से कभी नहीं सुना कि इस तरह का अकाल देश के अंदर कभी हुआ भी है। राजस्थान के जिस एरिए में पानी हुआ करता था, आज वहां ट्यूबवेलों का पानी नीचे चला गया है, हैंडपंपों का पानी नीचे चला गया है। पीने का पानी, जो हैंडपंपों से, नल योजनाओं से दिया जाता था, आज वह नल योजनाएं फेल हो गई हैं, वहां पानी नहीं है। हैंड पम्प हैं नहीं, ऐसी दयनीय स्थिति बन गई है, सभापति महोदय। जिस जिले से मैं आता हूं उस जिले में कभी पीने के पानी का संकट नहीं हुआ करता था लेकिन अब की बार अभी से भयंकर संकट बन गया है, अभी तो ये बरसात के ही दिन हैं। अभी दीवाली पर मैं जब गांव में था, उस दिन करीब 50 गांवों के लोग मेरे पास आए और वे कह रहे थे कि हमारे गांव में टेंकर से पानी भिजवा दीजिए, टेंकर की व्यवस्था कर दीजिए क्योंकि और तो कोई व्यवस्था है नहीं। सभापति महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि आज यदि टेंकर से पानी की व्यवस्था करेंगे तो जून के महीने में, जब भयंकर गर्मी पड़ती है, उस वक्त की क्या स्थिति होगी। मेरा कहना है कि केन्द्र सरकार को इस ओर ध्यान देना चाहिए। केन्द्र सरकार पीने के पानी के लिए, राजस्थान के सूखे के लिए यदि कोई स्थायी योजना बनाती है, राजस्थान हमेशा सूखाग्रस्त रहा है, इसलिए ऐसी कोई योजना बने ताकि वहां के लोगों को सूखे से छुटकारा मिल सके, लोगों को अकाल की मार से छुटकारा मिल सके, केन्द्र सरकार को ऐसी कोई स्थायी योजना बनानी चाहिए।

कल देश के प्रधान मंत्री जी लोक सभा में कह रहे थे कि नदियों को जोड़ा जाए, मैं केन्द्र सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि नदियों को जोड़ने का प्लान तो आपका बनता रहेगा, आप राजस्थान की इंदिरा गांधी नहर को नेशनल प्रोजेक्ट बनाएं। राज्य सरकार के पास इतना पैसा नहीं है, जितना पैसा आप देते हो उस पैसे को ही वह खर्च कर पाती है, इसलिए इंदिरा गांधी नहर को आप नेशनल प्रोजेक्ट बना दें जिससे राजस्थान के कम से कम 1/3 भाग में तो पानी जा सकेगा और दूसरे यदि आपने इसे नेशनल प्रोजेक्ट बना लिया तो यह जन्दी तैयार हो जायेगी और दस साल के अंदर उन जिलों में पानी चला जाएगा। इसलिए मेरा यह निवेदन है कि यदि आप राजस्थान का भला चाहते हैं और राजस्थान के सूखे से छुटकारा चाहते हैं तो राजस्थान नहर को नेशनल प्रोजेक्ट में आप पूरा कीजिए और इसको नेशनल प्रोजेक्ट बनाकर राजस्थान को पानी दीजिए।

सभापति महोदय, इसके साथ ही साथ मैं कहना चाहता हूं कि राजस्थान सरकार के बारे में अखबार और इलेक्ट्रानिक मीडिया वालों ने मिलकर एक बड़ा भयंकर षड़यंत्र किया है। यह बताया गया है कि 12 डिस्ट्रिक्ट के अंदर भूख से लोगों की मृत्यु हो गई है और इसका बड़ा प्रचार किया गया, जबकि वास्तविकता इससे परे है। इन 12 डिस्ट्रिक्ट में भूख से मृत्यू नहीं है, केवल बीमारियों के कारण मृत्यू हुई है।लेकिन राजस्थान सरकार को बदनाम करने के लिए कि राजस्थान सरकार अकाल दूर करने के लिए काम नहीं कर रही है, राजस्थान सरकार को बदनाम करने के लिए यह षडयंत्र रचा गया और इसका जगह-जगह प्रचार किया गया। हमारे केन्द्र सरकार के खाद्य मंत्री ने कुछ अधिकारी भेज दिए, राजस्थान सरकार को पता ही नहीं कि कोई अधिकारी जांच करने के लिए आए हैं। ऐसा कभी होता नहीं है, राज्य सरकार को सूचना दी जाती है लेकिन राजस्थान सरकार को सूचना नहीं दी गई और यहां से अधिकारी गए। अब उनकी क्या रिपोर्ट थी, क्या नहीं थी, कैसे उन्होंने रिपोर्ट दी। केवल लोगों से बात करके आ गए, जबानी बात सुनी और जबानी बात के आधार पर यह रिपोर्ट दे दी कि लोग भूख से मर गए,

जबकि वास्तवकिता कुछ और है। राजस्थान के लोकल अखबारों में, वहां "दैनिक भास्कर" एक लोकल अखबार है, उसमें 10 अक्तूबर को एक खबर प्रकाशित हुई कि किशनगढ़ में कुपोषण से 3 बच्चों की मौत हो गई। 17 अक्तूबर को 12 बच्चों की मौत की खबर "हिन्दुस्तान टाइम्स" में आई। यह खबर प्रकाशित होने के बाद वहां के प्रशासन ने, वहां की सरकार ने इसकी जांच के लिए राजकीय चिकित्सालय, कोटा के तीन वरिष्ठ डाक्टरों की एक कमेटी भेजी कि जांच करके बताइए कि वास्तविकता क्या है। इस कमेटी में जांच करने वाले डाक्टर मेडिसिन के भी थे, शिशु रोग विशेषज्ञ भी थे, पीएसएम, इन तीन आदमियों की कमेटी ने रिपोर्ट दी कि मौत भूख से नहीं हुई, इन बच्चों की मौत बीमारी से हुई है। संभावित बीमारियां थीं – पेराकानाइटिस, कम्पलिकेटिड मलेरिया, सेरिब्रल मलेरिया आदि, जो गांवों में होती रहती हैं, लेकिन एक राजनीतिक उद्देश्य के कारण हमारे केन्द्र सरकार की मंत्री, जिनके लोक सभा क्षेत्र में इस प्रकार की घटना हुई, वे चार-चार बार वहां से लोक सभा की मैम्बर बनीं, वे क्या कर रही थीं? केवल टी.वी.वालों को वहां ले जाकर और अखबार वालों को वहां ले जाकर सरकार के खिलाफ गलत प्रचार हो रहा था और उनका हित करने के बजाय दुष्प्रचार किया जा रहा था और उन मौतों का महिमामंडन हो रहा था। उनमें कई मौतें ऐसी थीं जो सुसाईड केसेज थे लेकिन उन्हें भी भूख से हुई मौत करार दे दिया गया। इस प्रकार का वातावरण वहां बनाया गया। इसकी शिकायत गवर्नर को की गई। तब गवर्नर ने राज्य सरकार से इसकी जांच के लिए कहा और राज्य सरकार ने गृह सचिव की एक कमेटी भेजी जिसने कल ही अपनी रिपोर्ट दी है कि वहां भूख से किसी की मृत्यु नहीं हुई है, बल्कि बीमारियों की वजह से मृत्यु हुई है।

हम अपने दूसरे साथियों से भी यह चाहते हैं कि राजस्थान की इस भीषण समस्या के लिए वे केन्द्र सराकर पर दबाव डालें कि वह इस भीषण संकट के समय ज्यादा से ज्यादा मदद राजस्थान सरकार को दे। मंत्री महोदय ने यह बताया कि राजस्थान के अंदर अकाल की....(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: मीणा साहब, मेरी बात सुन लीजिए कि आपकी पार्टी को एक घंटे का समय मिला है और आपकी पार्टी की ओर से 4-5 स्पीकर हैं।

श्री मूल चन्द मीणः नहीं, हम केवल 2 स्पीकर हैं।

श्री सभापति: नाम तो ज्यादा दिए हुए हैं। आपको बोलते हुए करीब 15 मिनट हो चुके हैं। अब आप अपनी पार्टी का समय खा रहे हैं।

श्री मूलचन्द्र मीणा(राजस्थान)**:**

महोदय, मैं अपनी बात जल्दी समाप्त करने की कोशिश करूंगा। राजस्थान की सरकार ने 7,500 करोड़ रुपए मांगे थे लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार ने एक पैसा तक नहीं दिया है। राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार से 56 लाख टन गेहूं मांगा है लेकिन अभ तक केवल 2 लाख मीट्रिक टन गेहूं मिला है जो राज्य सरकार ने उठा लिया है। इसके अलावा और 5 लाख टन गेहूं देने की बात है। इससे काम कैसे चलेगा? यह तो ऊंट के मूंह में और के बराबर है।

सभापति महोदय, राजस्थान में इतना भयंकर अकाल है कि लोगों को रोजगार देने और मजदूरी देने के लिए वहां की सरकार के पास पैसे नहीं हैं। ऐसे समय में केन्द्र सरकार इस मामले को और डिले कर रही है। मैं जानना चाहता हूं कि केन्द्र सरकार की टीम वहां कब

गई और कितने दिनों के बाद उस टीम ने रिपोर्ट दी? केन्द्र सरकार की वह कौन सी कमेटी थी जिसने इस पैसे को रिलीज नहीं किया, इस अनाज को रिलीज़ नहीं किया?

सभापति महोदय, आप राजस्थान से आते हैं और आप राजस्थान के दुख दर्द को समझते हैं। आप स्वयं राजस्थान गए थे और आपने वहां कहा था कि राजस्थान की जनता को इस भीषण अकाल से छुटकारा दिलाने के लिए कोई भी सरकार हो, चाहे वह केन्द्र में हो, चाहे वह राजस्थान में हो, मैं उस सरकार से विशेष आग्रह करूंगा कि वह यहां के लोगों की ज्यादा से ज्यादा सहायता करे। मैंने अखबारों के माध्यम से पढ़ा है कि आपने उसी भावना से प्रेरित होकर अपने यहां कैबिनेट मिनिस्टर्स की एक मीटिंग बुलाई थी और उनसे कहा था कि जहां भयंकर अकाल है, उन ऐरियाज के लिए वे एक पैकेज जारी करें। आप हमारा दुख समझते हैं। आपने राजस्थान का नेतृत्व किया है। आपने अकाल को देखा है। अकाल में लोग कैसे जीवन व्यतीत करते हैं, यह दिल्ली में रहने वाले लोगों को पता नही है। अकाल कैसा होता है, अकाल के समय क्या समस्या होती है, इसे आप जानते हैं। मैं आपसे निवेदन करूंगा कि आप अपने प्रभाव का उपयोग करें और राजस्थान को ज्यादा से ज्यादा सहायता दिलवाएं।

सभापति महोदय, जो लोग राजस्थान की सरकार के ऊपर इस तरह के ब्लेम आदि लगाते हैं, वे उन गरीबों के हितैषी नहीं हैं, वे तो उनके हितों पर कुठाराघात कर रहे हैं। मैं आपको बताना चाहूंगा कि राजस्थान की सरकार ने सितंबर के महीने से अकाल के कार्य खोल दिए हैं जिसके तहत लोगों को रोजगार दिया जा रहा है और गांव-गांव के अंदर ग्राम पंचायतों के पास 10-10 क्विंटल गेहूं रखवा दिया गया है ताकि कोई व्यक्ति भूख से न मरे। यदि ग्राम पंचायत, हैडक्वार्टर से एक किलोमीटर से दूर है तो उसके लिए 2 क्विंटल गेहूं रखवा दिया गया है। राजस्थान सरकार की व्यवस्थाओं को देखकर अगर केन्द्र सरकार ने पूरा सहयोग दिया तो इस संकट का निवारण करने में राजस्थान की सराकर पीछे नहीं रहेगी, इस मौके पर मैं यही कहना चाहता हूं। धन्यवाद।

श्री सुनील शास्त्री(उत्तर प्रदेश): माननीय सभापति महोदय, मैं आपका अत्यंत आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। अभी हमारे साथी सांसद कह रहे थे और उन्होंने अपनी बातों में आरोपों की ज्यादा बात की तथा केन्द्र सराकर पर आरोप लगाए और जो हकीकत है, जो सही बात है उसका आकलन उन्होंने कम किया, बल्कि उन्होंने इस बात को ज्यादा दर्शाया कि किस तरह से केन्द्र सरकार विफल रही है। मैं यह कहना चाहता हूं कि हम एक ऐसे सदन में, सर्वोच्च सदन में बैठे हैं और यहां से जब हम कोई भी बात कहते हैं, कुछ भी यहां प्रस्तुत करते हैं तो सारा देश हमारी ओर देखता है। मेरा यह मानना है तथा यहां पर मेरे सभी सम्मानित सदस्य यह मानेंगे कि सूखे की यह जो स्थिति है वह केवल किसी एक पार्टी या किसी एक दल से जुड़ी हुई नहीं है बल्कि सूखे की स्थिति से पूरे राष्ट्र को निबटना है और यहां पर मैं इस बात को इसलिए कह रहा हूं तथा विशेष बल इस बात पर इसलिए दे रहा हूं कि आज जिस प्रकार से सूखे की स्थिति से निबटने के लिए इस विषय का राजनीतिकरण किया जा रहा है यह बिल्कुल गलत बात है। आज हमें पार्टी लाईन से ऊपर उठकर इस समस्या का समाधान ढूंढ निकालना होगा। मेरा यह पूरा विश्वास है कि जिस तरह से केन्द्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में इस ओर विशेष ध्यान दिया है उसको हम नजरअंदाज नहीं कर सकते उसके द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। अगर आज हम कहें कि नेशनल केलोमिटी कन्टीजेंसी फंड की जो बात है, पांच सौ करोड़ रुपए के कोरपस फंड की जो बात है यह सब

हमारी सराकर ने एन.डी.ए. की सराकर ने ही इस ओर कदम बढ़ाया, इस ओर ध्यान दिया। अभी बहुत सी बातें कही गईं कि भेदभाव की राजनीति है। मैं कहना चाहता हूं कि कहीं पर भी किसी प्रकार से अगर कहीं कोई ऐसी प्राकृतिक आपदा सामने आई तो केन्द्र सरकार ने कभी भी किसी प्रकार से भेदभाव की राजनीति नहीं अपनाई, ऐसी रणनीति नहीं अपनाई। मैं इसलिए इस बात को कहना चाहता हूं कि हमारे पश्चिमी बंगाल के सांसद भी यहां पर बैठे हैं। आपको याद होगा कि जब पश्चिमी बंगाल में बाढ़ की स्थिति आई तो इसी सरकार ने तुरन्त 460 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित की। यही नहीं मैं यह बताना चाहता हूं कि आज.....(**व्यवधान**)...

आप देखें 460 करोड़ रुपए की धनराशि आबंटित हुई है।....(**व्यवधान**)...

श्री दीपांकर मुखर्जी (पश्चिमी बंगाल)**:** 460 को 1460 कर दीजिए ....(**व्यवधान**)...

श्री सुनील शास्त्री: मैं आपके सामने तथ्य रख रहा हूं।....(**व्यवधान**)...

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: Sir, my humble submission is that this is not a public relations exercise which is going on. This is a very serious discussion on drought. Let us discuss that. *...(Interruptions)...*

SHRI SUNIL SHASTRI: I am discussing a very serious matter. *...(Interruptions)....*

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: You are doing a public relations exercise for the Government of India. The Ministers of the Government of India are there. *...(Interruptions)...*

SHRI SUNIL SHASTRI: When I am saying something, I request the hon. Member to believe me because it is a fact. I am not saying anything wrong. *...(Interruptions)...*

SHRI DIPANKAR MUKHERJEE: You are not the Government of India. The Government of India is there. *...(Interruptions)....*

श्री सभापति: आप बोलने दीजिए। जब आपकी पार्टी का या आपका अवसर आए तब बोलिए।

श्री दीपांकर मुखर्जी: सरकार की तरफ से बोलें, सरकार के मंत्री बोलें। ....(**व्यवधान**)... सूखे के ऊपर बातें करिए।...(**व्यवधान**)...

श्री सभापति: सरकार की तरफ से बोलें या अपनी तरफ से बोलें। आपका बोलने का अवसर है। उस अवसर के समय यदि आप इन चीजों का खंडन करेंगे तो लोग सीरियसली आपको सुनेंगे।...(**व्यवधान**)...

DR. BIPLAB DASGUPTA (West Bengal): The hon. Member should read it out.

SHRI SUNIL SHASTRI : You want me to read out that particular

part? I will certainly read it out, because it is a fact. I am not saying anything which is not correct. I will only speak the truth, and I will only present before you the fact.

माननीय सभापति महोदय, मैं यहां पर इस बात को कहना चाहूंगा कि जो कमियां किसी सरकार की रही हैं, प्रदेश सरकार की रही हैं तो आज उस पर्दा डालने की कोशिश की जा रही है। अभी हमारे माननीय सांसद महोदय राजस्थान की बात कर रहे थे। मैं कहना चाहता हूं कि सुप्रीम कोर्ट में जो पीआईएल डाली गयी थी, उसके बारे में सुप्रीम कोर्ट ने यह कहा है कि जितना अनाज केन्द्र ने राजस्थान सरकार को ऑफर किया, राजस्थान सरकार को दिया, उसे राजस्थान सरकार उठाने में सक्षम नहीं रही। मैं आपको बता रहा हूं कि मध्य प्रदेश सरकार ने भी इसी प्रकार से किया है। जो अनाज उसे आबंटित हुआ, उसे उसने उठाया नहीं।

जहां तक क्रॉप इन्श्योरेंस का सवाल है, मैं राजस्थान के माननीय सदस्यों से पूछना चाहूंगा कि क्यों नहीं क्राप इन्श्योरेंस स्कीम को राजस्थान सरकार ने उस खूबी से लागू कियी जिसकी अपेक्षा राजस्थान के लोगों ने की थी, जैसी आशा राजस्थान के किसानों ने सरकार से रखी थी। मैं इन सब बातों को इसलिए कह रहा हूं कि हमें राजनीति में नहीं पड़ना चाहिए। आज सूखे की स्थिति है, एक गंभीर स्थिति है, 15 करोड़ से ज्यादा लोग इससे प्रभावित हो चुके हैं, ऐसी स्थिति में हम सब लोगों को मिलजुलकर इस समस्या का समाधान ढूंढ निकालना होगा।

मैं आज राजस्थान की ही बात लेता हूं । जिस समय इन्दिरा गांधी कैनाल का प्रस्ताव था, उस समय लोगों का यह मानना था, लोगों का यह कहना था कि इससे कुछ नहीं होगा और यह केवल एक योजना ही बनकर रह जायेगी । कैनाल राजस्थान में जहां-जहां से गुजरी है, वहां पर चारों तरफ हरियाली ही हरियाली नजर आती है। मैं इस बात को बताना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री जी ने जिस बात का जिक्र किया है, उससे आप सब अवगत हैं। हमारे सम्मानित व्यक्ति जो सांसद भी रहे, मंत्री भी रहे, डा. के.एल. राव, उन्होंने इस बात को बहुत पहले देश के संज्ञान में लाने का प्रयास किया था। वह चाहते थे और उन्होंने यह कहा था कि एक गारलैन्ड कैनाल द्वारा रीवर्स को जोड़ने की जो स्कीम है, उसको हम लोग लागू करें। उनका विचार था कि वैस्ट से साउथ की अगर सब नदियां एक साथ जोड़ी जाती हैं और उसके पश्चात कैनाल बनाये जाते हैं और अलग-अलग स्थानों पर पानी को पहुंचाने की कोशिश की जाती है तो बाढ़ और सूखे का जो प्रकोप आता है उससे हम अपने किसानों को और अपने देश को बचा सकते हैं। हम लोग हमेशा गर्व से कहते हैं कि भारत एक कृषि प्रधान देश है। मेरे पूजनीय पिता लाल बहादुर शास्त्री जी ने इस देश को "जय जवान, जय किसान" का नारा दिया था। उनका यह मानना था, उनका ही नहीं देश के हर एक नागरिक का यह मानना था कि आज सीमाओं पर हमारी रक्षा, देश की रक्षा हमारे बहादुर जवान करते हैं, तो देश के अंदर भुखमरी के खिलाफ कोई लड़ाई लड़ता है तो वह हमारा बहादुर किसान है जो अपना पसीना बहाकर हम लोगों को अन्न देता है। मैं इस बात को इसलिए कहना चाहता हूं कि जब आज हम अपने देश को कृषि प्रधान कहते हैं तो आज पंजाब है, हरियाणा है, महाराष्ट्र है, ये दो-तीन प्रदेश ऐसे हैं जहां पर हमने किसानों के उत्पादन को बढ़ाया है जिसके कारण उपज बढ़ी है। सभी नदियों को जोड़ने की बात हमारे प्रधान मंत्री जी ने अभी हाल ही में कही है। मैं मानता हूं कि अगर इस योजना की ओर पहले से ध्यान दिया गया होता तो आज जो स्थिति हमारे देश में उत्पन्न हो जाती है, उससे हम बच सकते थे, उसका हम

सामना कर सकते थे। आज आवश्यकता है कि हर पार्टी के हर व्यक्ति को इस पर सोचना होगा कि जो आज हमारा गारलैंड इनलैंड रिवर सिस्टम या कैनाल सिस्टम जोड़ने की जो योजना है,इसको हम एक स्वरूप दें, इसको बनाने की चेष्टा करें। बहुत से लोगों का कहना है कि इसमें बड़ी धनराशि लगेगी लेकिन आज अगर आप देखें कि हमने जिस प्रकार से देश को नेशनल हाइवेज से जोड़ने का प्रयास किया है, जिस तरह से हमें उसमें सफलता मिल रही है, उसमें धनराशि की कमी जरूर थी लेकिन हमने रिसोर्सेज को डैवलप किया रिसोर्सेज को किसी तरह से जैनरेट किया और आज हम उसकी ओर बढ़ रहे हैं। ठीक उसी प्रकार से अगर आज हम सब नदियों को जोड़ने की बात करेंगे तो जहां एक ओर हमारी नदियों के माध्यम से हम सूखा और बाढ़ दोनों को ही रोक सकेंगे वहीं किसानों को सिंचाई का जो एक साधन है, उसे हम सही तरीके से उन्हें उपलब्ध करा सकेंगे। उसके साथ ही साथ जो आवागमन की सुविधा,ट्रांसपोर्टेशन की सुविधा हमें मिल जाएगी, वह भी बड़ी भारी उपलब्धि इस दिशा में होगी। महोदय, फर्टीलाइजर्स पर हम लोगों ने ज्यादा ध्यान दिया। यहां पर केन्द्रीय मंत्री जी बैठे हैं, मैं उनके सामनेइस बात कोरखना चाहूंगा कि हमने फर्टिलाइज़र पर काफी ध्यान दिया लेकिन सही मायने में अगर आप विश्व के अन्य मुल्कों को देखें तोआपको वहां पर यह देखने को मिलेगा कि ओरिजनल जो खाद होती थी, गोबर की खाद, उसका आज ज्यादा प्रयोग किया जा रहा है न कि फर्टीलाइजर्स का। मेरा कहना है कि फर्टीलाइजर वगैरह की जो सुविधाएं हमने दीं, जिस समय आवश्यकता थी, उस समय ज्यादा विचार न करते हुए हम उस ओर बढ़े लेकिन आज आवश्यकता यह है कि ऑरगैनिक जो साधन हैं, जो हमारे पुराने साधन हैं, गोबर की खाद है, अन्य खाद है, उसका प्रयोग हम अधिक से अधिक बढ़ाने का प्रयास करें जिससे हमारी उपज भी बढ़े। माननीय सभापति जी, मैं आपकी अनुमति से, आपके माध्यम से इस बात को यहां पर कह रहा हूं और बहुत गंभीरता के साथ कह रहा हूं कि आज अगर यह कहा जाए कि बीमारी के कारण किसी की मृत्यु हुई जब कि भूख के कारण मृत्यु हुई हो तो यह जायज़ बात नहीं होगी, यह सही बात नहीं होगी। श्रीमन्, मुझे जानकारी मिली है कि पार्लियामेंटरी कमेटी भी वहां गयी थी और राजस्थान में उनके भी कुछ लोगों ने इसी बात पर विशेष ध्यान दिलाया कि भूख के मारे लोगों का देहांत हुआ है। मैं इसलिए इस बात को यहां पर कह रहा हूं, इसलिए इस बात को सामने ला रहा हूं कि अगर अपना कोई बच्चा मरता है, अगर आज हमारे नेता लोग जाकर वहां कहें या कोई व्यक्ति वहां पर जाकर कह दे कि यह तो बीमारी के कारण मृत्यु हुई है तो मैं समझता हूं कि हम जनता के बीच विश्वास खो देंगे। मैं यहां पर यह बात कहना चाहता हूं...

श्री मूलचन्द मीणा(राजस्थान): महोदय, संसदीय कमेटी तो वहां गयी ही नहीं है। आप गलत कह रहे हैं।

श्री सुनील शास्त्री: मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर दूंगा। मैं यह कहना चाहता हूं कि आज जिसके बच्चे मर रहे हैं, जिस परिवार में लोग भूख से मर रहे हैं, अगर उनका यह कहना है कि हमारे लोगों का जो निधन हुआ है, वह भूख से हुआ है, भूख के कारण हुआ है तो आज हम सबको उस बात को मानना चाहिए। प्रदेश सरकार अगर कहे कि वह नहीं मानती तो मैं समझता हूं कि यह उनका गलत बयान है, उनकी गलत सोच है। आज हमें मानना चाहिए और हमें इस दिशा में कठोर कदम उठाने चाहिएं। हमें ऐसे कदम उठाने चाहिए जिसके माध्यम से हम भुखमरी...

डा. अबरार अहमद (राजस्थान): सभापति महोदया, मैं माननीय...

श्री सभापति: आप बाद में बोलिएगा। आपका नम्बर आ रहा है।

डा. अबरार अहमदः मेरा नाम उसमें नहीं है, मैं केवल एक बात इसी संदर्भ में कहना चाहता हूं।

श्री सभापति: कह देना पर अभी ठीक नहीं रहेगा।

डा. अबरार अहमदः माननीय सांसद जो भूख से मरने वाली बात कह रहे हैं, यह सब सुनी सुनाई बात है। अगर इस सदन से वहां कोई गया है तो सिर्फ मैंने अपनी आंखों से देखा है और यह वीडियो रील मेरे पास है। जिनके बच्चे मरे हैं, पूरे गांव में 9 बच्चे हैं, उन नौ बच्चों के माता-पिता ने पूरे गांव के चौपाल में कहा है कि किस बीमारी से मरे हैं, कितने दिन अस्पताल में इलाज कराया है, कितना पैसा खर्च किया है। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ सभा पटल पर इस वीडियो कैसेट को रख सकता हूं और इसको वह देख सकते हैं। मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ इस बात को कह रहा हूं।

श्री सभापति: देखिए, आप बहुत लंबे अर्से से पार्लियामेंटेरियन रहे हैं। जब तक मैम्बर कंसीड न करें तब तक आपका इंटरवीन करने का कोई राइट नहीं बनता।

श्री सुनील शास्त्री: माननीय सभापति जी, मैं सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि जहां पर माननीय सदस्य गए होंगे, अगर वहां पर कहा है तो मैं इनकी बात से इंकार नहीं करता लेकिन कई जगहों पर ऐसे लोग गए हैं जिन्होंने वहां पर बातचीत की है, वहां पर माता-पिताओं ने यह कहा है कि भूख के कारण हमारे परिवार में निधन हुए हैं। मैं इसलिए इस बात को कह रहा हूं कि हम यह नहीं कहते कि कहीं हुआ है, कहीं नहीं हुआ है लेकिन यह बहुत ही गंभीर समस्या है।

श्रीमन्, अगर आज हमारे स्वतंत्र भारत में लोग भुखमरी के शिकार हों, आज भूख के कारण लोगों का निधन हो तो यह बहुत ही शर्म की बात है और मैं इस बात को कहना चाहता हूं कि यह दायित्व अगर हम समझते हैं कि केवल सरकारों का है तो वहां पर भी हम गलत सोचते हैं। आज यह दायित्व हम सब का है। हम सबको मिलकर इस समस्या के विरुद्ध एक कठोर कदम उठाना होगा, लड़ाई लड़नी होगी और तभी यह संभव होगा कि भुखमरी के कारण जो हमारे लोग मरते हैं, उनको हम बचा सकेंगे। श्रीमन्, इन शब्दों के साथ मैं आपके प्रति आभार प्रकट करते हुए माननीय सदस्यों से यही आग्रह करूंगा कि वे दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस समस्या का समाधान ढूंढ निकालें और एक ऐसा रास्ता बनाएं जिसके माध्यम से हम देश में हरियाली और खुशहाली ला सकें।

श्री सभापति: श्री सी. रामचन्द्रैया, बोलिए।....इससे पहले कि आप बोलें, मैं सभी सदस्यों से एक निवेदन करना चाहूंगा। सत्ता पक्ष और विपक्ष, दोनों के नेता यहां पर हैं। मसला बहुत गंभीर है लेकिन हाऊस में माननीय सदस्यों की उपस्थिति बहुत कम है। इससे एक मैसेज जाता है कि ऐसे गंभीर मसले पर पार्लियामेंट चिंतित नहीं है। इसलिए मैं सदन के सत्ता पक्ष, विरोधी पक्ष और बाकी सभी दलों से निवेदन करना चाहूंगा कि ....(**व्यवधान**)...

श्री लालू प्रसाद (बिहार)**:** छोटे दल वाले लोग बैठे हैं। प्राइम मिनिस्टर, डिप्टी प्राइम मिनिस्टर कोई यहां नहीं है और हुक्मदेव नारायण यादव जी को भेज दिया गया है यहां पर।

श्री सभापति: यादव जी को भेज दिया है और आप यादव जी की बात कर रहे हैं? इन दोनों में से कोई अंतर नहीं होता लेकिन सदन को इसे सीरियसली लेना चाहिए कि ज्यादा से ज्यादा सदस्य इस चर्चा में भाग लें। भाग लेने के बाद कम से कम यह मैसेज तो पब्लिक में जाता है कि हमारे संकट के प्रति सदन को सहानुभूति है।

SHRI C.RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Thank you, Sir, for giving me this opportunity to speak on a very important subject. Drought, which is occurring in this country very frequently, and not a single session had passed without discussing this subject. Sir, it is needless to mention that farming community is the most neglected community in this country. The seats of Members of this House might have changed; there might have been a change in their positions; a number, of Committees in this regard might have been set up by the various Governments successively. And, a lot of heat might have generated during these debates; a number of packages should have been announced by the Government and implemented to their capacities. Thousands of crores of rupees should have been spent on these schemes, but one thing remains static, that is, the miserable condition of the Indian farmer. Sir, it is undoubtedly, I should say, it is the failure of the governance of this country for the past five decades. We have failed on the irrigation front; we have failed in harnessing the waters of the perennial rivers in this country, We have failed in predicting the drought and its impact on the economy and in initiating effective measures to combat the drought and when there is massive calamity, we get to hear about the agonising conditions of the farmers in this country. A number of times we have expressed our agony both inside and outside the House regarding the miserable plight of the Indian farmers. Sir, if you go through the data, today only 39 per cent of the net sown area is irrigated in this country. This was admitted by the hon. Prime Minister in the Lok Sabha yesterday. And, for the past two-and-a-half to three decades, no significant and constructive efforts have been made to build agriculture infrastructure in this country. Most of the farming community has to depend on ground water, and there is a tremendous pressure on this. And the country's hydraulic system is heavily dependent on monsoons. But since we could not protect the environment, initiate measures for sustained development by preserving environmental conditions of the country, there have been erratic monsoons which are playing havoc with the farmers, but also with the economy of the country. The public investment in irrigation has fallen drastically from 23 per cent in the First Plan to eight per cent in the Eighth Plan in real terms. And, I am told that it is seven per cent now. Sir, I have gone through the document of the Tenth Plan. It has to

accommodate a spill-over of 159 major irrigation projects and 242 medium irrigation projects, which had been targeted for the earlier years. Sir, the need of the hour is to provide more funds for irrigation infrastructure in this country. The drought has its impact both on agriculture and industry. There will be persistent stagnation in domestic savings and investments, and there will be a severe deterioration of fiscal positions both at the Centre and in the States which erode the resilience of the economy of the country. That is what is happening and this makes it very difficult to withstand the impact of drought in this country. Sir, I had the privilege of speaking on a similar subject earlier also. I made this point very clear that you must improve the productivity of the farmers as well as the productivity on the industrial front. Our productivity even on the industrial front is very, very poor compared to other developing countries; I am not mentioning of the developed countries like Europe and China. When more than 70 per cent of the people still depend on agriculture, -- ours being primarily an agrarian economy -- the more the income of the rural masses, the more would be the capacity to purchase goods; there will be an increased demand for goods. And, when we invest our savings in the industrial field, the industry will get benefited and there will be a greater demand for goods, and the industry can generate, manufacture, the goods. That is the way in which we have to re-invigorate the country's economy and that is where agriculture plays a vital role in this country. A number of times I have reasserted this fact. But, unfortunately, the purchasing power of the farmers of this country is considerably going down; of course, thanks to the efforts of the Government, they could keep the inflation level static to a certain extent. That is a solace to the poor people of this country. And because of this lower demand for the goods, the industrial growth has also been affected.

Sir, I would now mention about the State of Andhra Pradesh from which I come. The failure of the monsoon in our State has been more accentuated by the inaction of the Central Government, without any timely help. And they have failed to assess the impact of this drought and assess the situation in the State. The deficiency of rainfall in our State is more than 47 per cent. We have got very favourable agro-climatical conditions in our State. We have got the very fertile Godawari Basin and the Krishna Basin where we can produce more paddy. This year, out of 81.8 lakh hectares, which is the normal crop area during kharif, we were able to cultivate only 32.33 lakh hectares. Even in that area, we could not save the crops because of shortage of water. Out of 1126 mandals, 836 mandals have

been declared as drought-affected areas. Sir, I am extremely unhappy over the attitude of our neighbouring States. I would plead that there should be a national spirit among all the States. The entire delta in our State, which is around 81.8 lakh hectares, has been affected, due to lack of water. We have requested the Government of Karnataka because there is sufficient water in the reservoirs of Krishna delta, like Alamatti. They don't need that much quantity of water. There is water in the Cauvery; they do not need that much water. On the other hand, we need water, and that is why we made a request to the Government of Karnataka to release water for saving our crops. Whatever power is generated from the water released by them, we are prepared to give it to them.

SHRI M.V. RAJASEKHARAN (Karnataka): Sir, the fact is that... *interruptions)....*

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : I am not yielding, Sir. I have a lot of respect for Shri Rajasekharan, but I am not yielding. *...{Interruptions)....* I am sorry, Sir. When he gets an opportunity to speak, he can put forth this point. *...(Interruptions)....*

SHRI M.V. RAJASEKHARAN : Sir,...

MR. CHAIRMAN: Please take your seat *now...(Interruptions)...*

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : Sir, I am not yielding. I am only pointing out the callous attitude on the part of our neighbouring State. In contrast, we can proudly say that when there was a cyclone which devasted the economy of Orissa, we were the first to go to the rescue of Orissa. We sent our team. We sent rice, blankets, medicines etc. and we restored the communications system in Orissa. That is the spirit we have maintained. So we did not expect this sort of treatment from our neighbouring States. Being a lower riparian State, Sir, we cannot be punished. Of course, you are entitled to retain that water.

DR. M.N. DAS (Orissa): Sir, it was from Andhra Pradesh that Orissa got the first supply of relief material during the super cyclone, and not from Tamil Nadu.

MR. CHAIRMAN: Please do not interrupt..

SHRI C. RAMACHANDRAIAH : What I am trying to say is that States should be ready to share the distress of their neighbours. That is

the national spirit. This is the meaning of federalism. There is no point in making the accusation that a particular State is getting more, and another one is getting less. We do not object to Rajasthan getting more and Karnataka getting more. But, it is-our primary duty to fight for our State's cause that is why we have been representing at various fora and trying to solve our problems. We have passed a Resolution unanimously. The Congress is also a signatory to that Resolution. We have sent the Resolution to the Government of India that we require Rs. 1210 crores. The Government of India has not been that considerate. They have given only Rs.170 crores, which is a paltry amount. I have got my own apprehensions, because of the statements made by the leader of the Congress.

THE LEADER OF THE OPPOSITION (DR. MANMOHAN SINGH): The Congress had never said Andhra Pradesh should not get its due. Please don't misquote us.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH:There was a reference at Mt. Abu also, regarding Andhra Pradesh. Yesterday, in Parliament also.. *...(Interruptions)...* If you want I can quote it.

SHRI K.RAHMAN KHAN (Karnataka): That is different. It has nothing to do...*(Interruptions)...*

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Yesterday also...*(Interruptions)...* I can quote, if the Chair permits me *...(Interruptions)...* Sir, there is a clear difference between what they have done for States like Andhra Pradesh and what they are doing for Rajasthan. *...(Interruptions)...* This is the statement made by Madam Sonia Gandhi. *...(Interruptions)....* Sir, should I read out the statement made at Mt. Abu?

DR. MANMOHAN SINGH: We are saying that Rajasthan should get its share. We are not...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Yes. We do not have any objection to Rajasthan getting its share because Rajasthan is also facing problems like suicides by farmers, severe drought and so on. We know what is meant by drought more than anybody else in the country. We share the distress conditions of the other States. We share their feelings. At the same time, you should not come in the way of Andhra Pradesh getting more funds and more resources. *...(Interruptions)...*

SHRI S. S. AHLUWALIA (Jharkhand): Let him speak. We have not disturbed you.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, I request that I should be compensated for the time taken by these interruptions. The more the disturbance, the more the time. *...(Interruptions)...*

Sir, we have requested for Rs. 1200 crores and 25 lakh tonnes of rice for rehabilitating the affected people in our State. Sir, there is one programme which has been...

MR. CHAIRMAN: Your time is over.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I think I have been given 14 minutes, Sir. Anyway, I am finishing.

The need of the hour for the Government of India is to take a holistic approach. The Government should lay more emphasis on water harvesting, water conservation and alternate cropping. Alternate cropping has to be undertaken on a war-footing. The farmers have to be motivated and they have to be encouraged to grow cereals like bajra, maize and so on, which consume less water and which increase the income. In this, Government participation, which has been totally absent, should also be there.

Sir, I appeal to all the political parties that in times of natural calamities, we should not politicise these issues. We must try to reach a consensus for the solution of these problems. In this regard, I welcome the proposal for linking the rivers, that has been announced by the hon. Prime Minister yesterday. It has a very wide perspective, that involves work over the next forty or fifty years. There are certain perennial rivers in the North and certain non-perennial rivers in the South. If this linking is done, most of the States which do not have water will be benefited.

Sir, ultimately, agriculture in India has to be made a viable profession. It is not a viable profession at present, because of small landholdings. Because of the implementation of land ceiling laws, the extent of landholding of the common man has gone down. The productivity is also very low, because of which agriculture has become a totally unviable profession. There is a necessity to increase the productivity. Even today, 49 per cent of the urban poor and 41 per cent of the rural poor are still under-nourished.

3.00 P.M.

MR. CHAIRMAN: Please conclude.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Yes, Sir. They consume 25 per cent less calories than what they should have consumed, on an average. There is a demand for foodgrains; there is a surplus in our godowns. But the people do not have access to the foodgrains. The Government should come forward and provide that access to farmers so that the people are in a position to purchase the foodgrains. The Government's endeavour should be to increase the productivity and reduce the cost of inputs in agriculture so that the viability of agriculture, as a profession, is increased. Ultimately, I have a request to the Government of India, that is, it should provide more funds for the rehabilitation of the victims of drought in our State. I request specifically for provision of more funds for drinking water in our State.

SHRI A. VIJAYA RAGHAVAN (Kerala): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to speak. Sir, we are discussing a very serious problem which is affecting almost 14 States of the country and which is unprecedented in the history of the country. Sir, this year there has been a sharp decline in the rainfall and we had a very bad monsoon. The rain deficit has been about 30 per cent. In July itself, it was 49 per cent. Naturally large parts of the Central and the Western India have been suffering most from drought. Almost the whole country is facing the same problem. Sir, this kind of a tendency of drought has been there for the last three or four years. This year it is very acute. What would be its impact? Naturally, there would be a sharp fall in the agricultural production.

(THE VICE-CHAIRMAN (SHRI RAMA SHANKAR KAUSHIK) in the Chair]

The area under cultivation is also going down. Last year it was 20 million hectares of land was there for cultivation of cereals. This year it has been reduced to 142 million hectares. So, what would be the result? There was drought in 1972, 1979 and 1987. According to the Government records, in 1972-73 the foodgrain production fell as much as by 7.8 per cent, the agricultural section has a whole was reduced by 5.7 per cent and the GDP growth turned negative to a .3 per cent. In 1979-80 the foodgrain production plunged by 17 per cent. As a result of this, the manufacturing sector also witnessed a fall of 3.4 per cent and the GDP growth was a negative of 5.2 per cent. Naturally, there would be an impact on our overall growth because of the sharp fall in the agricultural production which is being expected this year. So, the impact would be more not only on cereals but

also on the area of sugarcane cultivation of UP. and Maharashtra which has been adversely affected by this drought situation. We are going through a new economic policy and because of this policy the agricultural input is being reduced due to lack of investment by the Government as well as the private sector. Mr. Ramachandraiah has already explained the details about the agricultural input from the side of the public sector. Naturally, they are expecting that the private sector is going to invest more in the agricultural sector. But what was the real effect? The private sector has never invested in agriculture for the benefit of the poor and medium peasants and the agricultural labour. This aspect should be taken note of. But this Government of BJP has never given any importance to increasing the input for agriculture, investing for irrigation and other such things which support the agricultural input. NaturaHy, because of this the result is before us. It was reported in 2001 that the availability of cereals in the country dropped to an all time low of less than 143 kgs. and that of pulses below 10 kilogms per head, a situation similar to colonial India.

होशंगाबाद जो जिले हैं, चूंकि प्रदेश में सब से ज्यादा सोयाबीन की पैदावार होती है, सूखा पड़ेगा इसलिए आप साथ में बाजरा बोइए वरना आपकी सोयाबीन की फसल खराब हो जाएगी। इसलिए आल्टरनेट क्रॉप क्या होनी चाहिए, क्या बोया जाना चाहिए, इस बात की व्यवस्था की जानी चाहिए। लेकिन यह दायित्व, मैं नहीं कह रहा हूं कि यह राज्य सरकारों से हट कर केन्द्र सरकार का है, बल्कि इसमें दोनों सरकारों की जिम्मेदारी है। इसलिए जब मैं यह कहता हूं और सारे हमारे वक्ता इस बात से सहमत होते हैं कि यह एक ऐसी समस्या है कि जिसको हमें राजनीतिक रूप से नहीं देखना चाहिए और न ही जिस पर राजनीतिक रूप से बात करनी चाहिए, वहीं हम यह भी सोचते हैं कि इस समस्या से जब कोई ग्रस्त हो जाता है तो जो ग्रस्त लोग हैं उनको राहत देने के लिए हमें राजनीतिक चश्में से भी नहीं देखना चाहिए, चाहे वह कांग्रेस शासित राज्य हों, चाहे गैर कांग्रेस शासित राज्य हों।

मान्यवर, मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि पूरे देश में 307 जिलों में सूखा पड़ा है जिनमें जो खास राज्य हैं, उनमें आन्ध्र प्रदेश में 22, कर्नाटक में 24, झारखंड में 22, महाराष्ट्र में 33, उड़ीसा में 30, राजस्थान में 32, गुजरात में 13 और अन्य राज्य भी हैं। प्रश्न यह उठता है कि इन राज्यों द्वारा कितने करोड़ रुपये इस समस्या से निपटने के लिए मांगे गए। मान्यवर, मैं ज्यादा समय इस विषय पर नहीं लेना चाहता, लेकिन तीन-चार बातों की और जब मैं इंगित करूंगा तो उससे सारी बात स्पष्ट हो जाएगी कि इस समस्या से निपटने के लिए कितने पैसे मांगे गए थे और कितने दिए गए। 2,193.96 करोड़ रुपये छत्तीसगढ़ ने मांगे थे, जो कि उन्हें नहीं दिए गए और 10 लाख टन खाद्यान्न मांगा गया था, जो कि पूरा का पूरा नहीं दिया गया। मध्य प्रदेश,जिस प्रदेश से मैं आता हूं, वहां 32 जिले सूखे की स्थिति से गुजर रहे हैं, वहां 668 करोड़ रुपये मांगे गए थे, जो कि नहीं दिए गए। खाद्यान्न दो लाख टन मांगा गया था, जो कि एक लाख टन दिया गया। अभी और जब सूखा पड़ा है तो पांच लाख टन और खाद्यान्न मांगा गया है। पंजाब, वहां 800 करोड़ रुपये मांगे गए थे, लेकिन पैसा कितना मिला, यह मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहूंगा? माननीय मंत्री जी से मैं यह भी जानना चाहूंगा कि राजस्थान, जहां भयंकर सूखा पड़ा है, वहां 4,996 करोड़ मांगे गए थे, जबकि 1,124,79 करोड़ रुपए वहां अभी तक दिए गए हैं। यह सारी स्थिति है। अब यह स्थिति इस बात की ओर इंगित करती है कि...(**व्यवधान**)... वह सैकंड लैटर था। उसके बाद जो सैकंड लैटर गया तब 762.39 करोड़ रुपए की मांग हुई, जिसमें 38 लाख टन गेहूं और 2,223 करोड़ रुपए, जो कि बाकी मैटीरियल के लिए खर्च होंगे, ऐसा राजस्थान सरकार का कहना रहा है।

मान्यवर, मैं इन आंकड़ों में ज्यादा समय नहीं लेना चाहता, मैं मात्र यह दर्शाना चाहता हूं कि जब हम सूखे की स्थिति से निपटने के लिए बात कर रहे हैं तो जितना जिन राज्यों ने पैसा मांगा है उतना उन राज्यों को दिया जाए, इस आधार पर कि असैसमेंट वहां का क्या है। इसके लिए सैन्टर की टीम वहां जाती है। वह अपनी रिपोर्ट लंबे समय तक नहीं दे पाती है। जब तक वह अपनी रिपोर्ट देती है तब तक उस स्थिति से लोग गुजर चुके होते हैं। अभी कुछ स्थानों पर यह बात आई कि वहां जो मौतें हुई वे इस वजह से हो गईं कि वहां लोगों के पास खाने को नहीं था। कुछ वहां खाद्यान्न नहीं था। मैं मध्य प्रदेश का जिक्र करना चाहता हूं। मेरे पास कलैक्टर, शिवपुरी, जो मध्य प्रदेश में आता है, उसकी रिपोर्ट है। उसने, वहां जो तीन मौतें हुईं, रविता पुत्री मकले कुशवाहा, जनो पुत्र घसीटा और तीसरी मौत नत्थु पुत्र सीता कुशवाहा, उसके बारे में बातया है कि इन तीनों के पास जमीन है, तीनों के घर में खाद्यान्न पाया गया, लेकिन ये

बीमारी में थे। यह मैं कोई पैरवी नहीं कर रहा हूं, कोई बचाव नहीं कर रहा हूं, लेकिन मौत तो मौत होती है। अगर वह बीमारी की वजह से भी हुई हो तो भी उसकी चिकित्सा का इंतजाम होना चाहिए था। लेकिन कुछ राजनीतिक दल हैं जो कि राजस्थान और मध्य प्रदेश की इन मौतों को एक राजनीतिक रंग देने की कोशिश करते हैं। मान्यवर, मैं विनम्रतापूर्वक आग्रह करना चाहता हूं कि अच्छा यह होता कि इन प्रदेशों में जब यह महसूस किया जा रहा है कि ज्यादा से ज्यादा सूखा पड़ा है तो इन प्रदेशों की सरकारों ने जितना पैसा मांगा है, उतना पैसा उन्हें उपलब्ध कराया जाता, तब तो कोई बात बनती। तब तो कोई बात होती वरन् इन सब बातों को उठाने और कहने से कोई मकसद हल नहीं हुआ करता है।

मान्यवर, मध्य प्रदेश सरकार ने सूखे से निपटने के लिए ग्रेन बैंक स्कीम के संबंध में प्रपोजल केन्द्रीय सरकार को दिया है जिस के अंतर्गत इस स्कीम को आदिवासी गांवों में प्रारंभ किया जाएगा। मान्यवर, बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि इस स्कीम के लिए केन्द्र सरकार से जितने पैसे मांगे गए थे, वह बिल्कुल ही नहीं दए गए हैं। उन्होंने इस स्कीम को उन के ट्राइबल सब-प्लान में डायवर्ट कर दिया जिस से कि इस समस्या का समाधान नहीं हो सकता है।

मान्यवर, अब प्रश्न आता है कि सूखे की स्थिति से निपटने के लिए सावधानी के तौर पर क्या प्रारंभिक कदम उठाए जाने चाहिए। इस के अंतर्गत जिन क्षेत्रों में पहले से सूखे के संकेत मिलते हैं, उन स्थानों के लिए पहले से समुचित कदम उठाए जाने चाहिए। आज पूरे देश में स्थिति यह है कि रबी और खरीफ की फसल बहुत ज्यादा प्रभावित हो गयी है। मान्यवर, हमारे देश में इरिगेटेड लेंड 29 से 40 प्रतिशत के बीच में है, शेष अन-इरिगेटेड लेंड के बारे में व्यवस्था के लिए कदम उठाए जाने के संबंध में विचार किया जाना चाहिए।

मान्यवर, हमारी कांग्रेस अध्यक्षा श्रीमती सोनिया गांधी जी ने इस दिशा में प्रधान मंत्री जी को 5 अगस्त, 2002 को एक पत्र लिखा था जिस में उन्होंने कांग्रेस रूल्ड स्टेट्स के चीफ मिनिस्टर्स से विचार-विमर्श के बाद सजेशन दिया था कि एक इंटर-मिनिस्टीरियल क्राइसिस मैनजमेंट ग्रुप बनाया जाना चाहिए, ड्राउट मैनेजमेंट के लिए एक आल पार्ट कमेटी बननी चाहिए, नेशनल कैलामिटी फंड में भी बढ़ोत्तरी होनी चाहिए और सेंट्रल टीम के असेसमेंट में डिले नहीं होना चाहिए। माननीय कांग्रेस अध्यक्षा के उस पत्र को 4 सितंबर को प्रधान मंत्री जी ने एक्नोलेज तो कर दिया, लेकिन एक-दो बातों को छोड़कर बाकी बातों के संबंध में कोई उल्लेख नहीं किया जो इस बात को दर्शाता है कि प्रधान मंत्री जी और उन की यह सरकार सूखे की स्थिति से निपटने के लिए कितनी गंभीर है।

मान्यवर, मैं दो-तीन बातें और कहना चाहता हूं। जहां तक जल-प्रबंध का सवाल है, इस संबंध में हम महसूस करते हैं कि पुरानी व्यवस्था के अंतर्गत आने वाले कुएं बावड़ियों व तालाबों को उपयोगी बनाने के संबंध में भी आवश्यक कदम उठाए जाने की जरूरत है। अभी हमारे देश में जो नदियों का जाल है, उस से मोटे अनुमान से 4 प्रतिशत भूमि ही सींची जाती है। इस दिशा में महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रचलित रिवर डिसप्यूट्स का सही ढंग से समाधान किया जाए। तीसरी बात, गांवों में तालाब, पोखर और बावड़ियों के रख-रखाव की भी जरूरत है। साथ ही रिवर वाटर के प्रॉपर कलेक्शन के बारे में भी आवश्यक कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इस के अतिरिक्त पर्यावरणीय संतुलन को बनाए रखने के लिए जंगलों की रक्षा की जानी चाहिए ताकि मौसम के अंतर्गत आने वाले विषयों के असंतुलन को दूर किया जा सके।

मान्यवर, अपनी बात समाप्त करने से पहले मैं गजरात का जिक्र करना चाहता हूं । वहां लगभग 13 जिलों में सुखा पड़ा, लेकिन काफी दिनों तक इन 13 जिलों को सूखाग्रस्त द्योषित नहीं किया गया । उस के पीछे कारण यह था कि अगर सेंट्रल गवर्ममेंट से पर्याप्त पैसा नहीं आया तो कहीं चुनाव में ऐसा न हो कि दुसरे दल के लोग यह बात उठा दें कि यहां भी भारती जनता पार्टी की सरकार है वह दिल्ली में भी भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार है, फिर सेंट्रल गरवर्नमेंट से पैसा क्यों नहीं आया? इसलिए वहां की सरकार ने लंबे समय तक इन 13 जिलों को सुखाग्रस्त घोसित नहीं कया, लेकिन जब कांग्रेस पार्टी ने धरना दिया, जब कांग्रेस पार्टी ने रिपोर्ट दिया, तब उस के बाद मजबूर होकर उन्होंने सेंट्रल गवर्नमेंट से असिस्टेंस की मांग की । लेकिन मुझे दुख है कि उस के बावजूद भी गुजरात राज्य ने जितने पैसे की मांग की थी, जितने फूड ग्रेन्स की मांग की थी, वह उन्हें उपब्लध नहीं कराया गया। यह बहुत ही अफसोस की बात है। इसलिए मैं आप के माध्यम से यह आग्रह करना चाहता हूं कि इस दिशा में कदम उठाए जाने की बहुत ज्यादा आवश्यकता है।

मान्यवर, चूंकि अन्य वक्ताओं को बोलना है, मैं मध्य प्रदेश की बात करके अपनी बात समाप्त करना चाहता हूं। मध्य प्रदेश सरकार ने सूखे की स्थिति से निपटने के लिए 668.62 करोड़ रुपए की मांग की है और मैटेरियल कंपोनेंटस के लिए, रिलीफ वर्क के लिए 2.5 लाख टन की और फूड ग्रेन्स की मांग की है। इसके बाद उन्होंने ओल्ड ऐज पेंशन स्कीम के तहत मांग की है, नेशनल कैलेमिटी फंड के तहत सेकेंड इंस्टालमेंट की मांग की है, लेकिन अभी तक इस बारे में कोई कदम नहीं उठाए गए हैं।

मान्यवर, मैं नहीं जानता कि इस चर्चा का उत्तर एक मंत्री देंगे, दो मंत्री देंगे, जूनियर मंत्री देंगे या सीनियर मंत्री देंगे, लेकिन एक मंत्री दें या दो मंत्री दें या तीन मंत्री दें या जूनियर मंत्री दें या सीनियर मंत्री दें, उनसे मैं आपके माध्यम से विनम्रता-पूर्वक यह निवेदन करना चाहता हूं कि इन राज्यों ने कितने पैसे की मांग की, कितने खाद्यान्न की मांग की और आपने उनको कितना पैसा और खाद्यान्न उपलब्ध कराया, इसका विवरण वे अपने उत्तर में जरूर दें और बड़ी कृपा होगी अगर आप बताएंगे कि जो बाकी रह गया है उसको कब तक उपलब्ध करा पाएंगे। इस जानकारी से पता लगेगा कि आप सूखे के प्रति कितने चिंतित भी है, कितने विचलित भी हैं, कितने गंभीर भी हैं, इसका आप समाधान भी चाहते हैं, सूखे से पीड़ित लोगों के प्रति आपके मन में सदभावना भी है और दर्द भी है वरना यह लगेगा कि हाथी के दांत दिखाने के कुछ और हुआ करते हैं और खाने के कुछ और हुआ करते हैं। बहुत बहुत धन्यवाद।

PROF. M. SANKARALINGAM (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, this year's drought is counted amongst the four worst droughts of the century. This situation was caused mainly by the prolonged dry spell in July, 2002, when the rainfall deficiency was 49 per cenf. Only on two occasions, in the past, did rainfall deficiency exceeded 45 per cent in the month of July. The Indian Meteorological Department rlSs declared the year 2002 as the South West monsoon failure sufficiently in advance. Nearly 15 States were affected, including Tamil Nadu severely. Several Hon'ble Members of this House have given details of their States' position, in particular, and the havoc caused by the drought in general. The ultimate

affecting people are farmers, who are the backbone of our society; upon whom our economy is based. Drought can convert agricultural lands as parched wasteland and our farmers as starving population. Many of the areas which suffered from drought are now suffering from heavier rains and floods. In Tamil Nadu, Thanjavur and Trichy are considered the rice bowl of the State. In these districts, the first crop is Samba crop which failed due to monsoon failure. So, also other districts like Villuppuram, Nagapattinam, Thiruvarur, Cuddalore, Madurai, Ramanathapuram, Theni, Tirunelveli and Kanyakumari, are under the grip of severe drought. Usually, in Tamil Nadu the first crop season is, June to August. Normally, the crop area would be 16.5 lakh hectares under the Samba crop cultivation. Normally good yields are reported, but this year, till now, only 4.78 lakh hectares land paddy crop are raised. The estimated loss is Rs. 1796 crore. The estimated loss due to the faiture of the crop at the flowering stage is Rs.976 crores. Now, the entire Tamil Nadu is under the grip of heavier rains and floods. Don't think I am deviating from drought to flood. It is the pathetic plight of Tamil Nadu farmers. One suffering, after another has been thrust upon them by the nature. It is the duty of both the State and the Central Governments to come to their rescue. In some parts of Tamil Nadu, heavy damages hav6' been reported in tanks and irrigation channels in Kanyakumari. Big tanks have breached and bridges and channels have dislocated the irrigation system, so the farmers in those areas are in peril and distress. Help must be extended to them in time. In this connection, I thank the Central Government which has released a grant of Rs.228 crores to Tamil Nadu. A high-level committee under the Chairmanship of our Deputy Prime Minister, Shri L.K. Advaniji, announced a grant of Rs.1,976 crores as relief funds to these 15 States affected by severe drought. As far as Tamil NaotT is concerned, a high-level committee under the leadership of Shri Joginder Singh visited the drought affected areas and submitted a report.

Sir, I request the Central Government to come to the help of the poor farmers always. In this connection, I recommend waiving of all the loans given to the agriculturists in toto and giving liberal loans for raising their crops. Crop insurance scheme alone can save them in times of crisis. Therefore, I urge upon the Government to see to it that the crop insurance to the farmers is made compulsory as this would come to the rescue of the farmers in their distress times. At this juncture, I thank the hon. Prime Minister who has announced a grant of Rs. 10,000 crores as relief fund apart from the relief fund already announced. I request the State Governments and the Central Government to appoint monitoring committees at the district

level which should include the people's representatives both from Legislature and Parliament. I also thank the Prime Minister for constituting a high-level committee under the leadership of our Deputy Prime Minister to link all the rivers. It is a laudable scheme and I request the high-level committee to fix a time-limit for the completion of this scheme. I also request them to start the work on the Southern Grid and the Northern Grid simultaneously and, finally, link the two Grids. I would again urge upon the Government to fix a time-limit for this so that the work on the project is immediately started. I am given to understand that this would require 5,00,000 crores of rupees over a period of five to seven years. But I don't think it would be difficult to allocate these funds in the given the time period of five-seven years. Moreover, our hon. Prime Minister has announced that there will be no difficulty in allocating the funds. Sir, once again, I request the State Governments and the Central Government to be with the poor farmers so that the farmers can build a new India. With these words, I conclude.

श्रीमती माया सिंह (मध्य प्रदेश): माननीय उपसभापध्यक्ष महोदय, सदन में आज देश की सबसे प्रमुख और विकराल समस्या सूखे पर चर्चा हो रही है, जिस पर बोलने के लिए आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपकी हृदय से आभारी हूं।

माननीय उपसभापध्यक्ष महोदय, यह आम जनता के पेट से जुड़ी हुई समस्या है। जिस देश में अनाज के पर्याप्त भंडार भरे हों, जहां के किसान अथक परिश्रम करके अनाज का अपूर्व भंडारण कर रहे हों, उस देश के प्रदेशों में सूखे की समस्या और सूखे के कारण भूख से मौतें हों, यह हम सबके लिए बड़ी शर्मनाक घटना है। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर, हम सब लोगों को मिल-जुलकर एकजुटता के साथ इस दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है। एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप का यह विषय नहीं है और समय भी नहीं है, लेकिन जब राज्य में ऐसी विकट समस्या व्याप्त हो और राज्य सरकारें इस पर लापरवाही बरतें, जनता को भ्रम की स्थिति में रखें और भूख से हो रही मौतों को बीमारी से हुई मौत बतायें, इस विषय पर ही बहस में उलझी रहें तथा अपनी असफलताओं को छिपाने के लिए केन्द्र पर दोषारोपण करें, यह उचित नहीं है। इस विषय को हम सबको गंभीरता से लेना चाहिए। सूखे से सबसे ज्यादा परेशानी गरीब और कमज़ोर वर्ग को होती है। न उनके लिए पीने का पानी है, न सफाई की कुछ व्यवस्थाएं हैं। गंदा पानी पीकर, सफाई से वंचित गरीब तमाम बीमारियों के शिकार होते हैं। इस साल वर्षा न होने के कारण और गर्मी पड़ने के कारण और अधिक बीमारियां चारों तरफ फैलीं। मध्य प्रदेश में 17 नगरों में पांच दिनों में एक बार पानी आ रहा है। मैं ग्वालियार की रहने वाली हूं,वहां दो दिनों में एक बार पानी आ रहा है। इसके साथ-साथ मंदसौर,नीमच,जावरा,रतलाम, शाहजहांपुर, राजगढ़ जो स्वयं मुख्यमंत्री का इलाका है, छिंदवाड़ा, धार, इंदौर, झाबुआ, देवास, सिहोर, सागर, दमोह, टीकमगढ़, इन सभी जिलों की नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में भयंकर पेयजल का संकट है। इन नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों के 75 स्थान ऐसे हैं जहां पर लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। आज के अखबार की खबर है कि नीमच जिले के मनसा में 12 दिनों के बाद आज पानी आया है।

महोदय, हम यह जानते हैं कि हर वर्ष कहीं न कहीं देश के किसी न किसी भाग में सूखा पड़ रहा है। यह सब जानते हुए भी राज्य सरकारें समय रहते उससे निपटने की योजनाएं नहीं बनातीं। कहां-कहां सूखे से प्रभावित क्षेत्र हैं और कहां क्या व्यवस्था करनी चाहिए, इसकी समुचित योजना समय से पूर्व ही राज्य सरकारों को करनी चाहिए। लेकिन केन्द्र सरकार से सूखा राहत के लिए केवल मांग की जाती है। राज्य सरकारों के पास सूखे से निपटने के लिए कोई कारगर योजना नहीं है। अन्न के वितरण के लिए उनके पास कोई योजना नहीं है। सूखे से प्रभावित लोगों को ठीक से अन्न पहुंचाने की कोई व्यवस्था नहीं हो रही है जिसके कारण इस तरह की समस्याएं और विकराल होती जा रही है।

उपसभापध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि राज्य सरकारों के पास इससे निपटने के लिए न तो कोई प्लान है और न कोई ब्लूप्रिंट है। अभी मध्य प्रदेश की बात यहां हो रही थी। मैं यह कहना चाहूंगी कि सितंबर से तो वे अनावरी का काम शुरू करते हैं और जनवरी तक यह काम समाप्त होता है। इस बारे में विरोधी दलों की कोई बैठक नहीं बुलाई गई। सांसदों के पास अभी तक इस बारे में कोई रिपोर्ट नहीं है जब कि इसके लिए मिल-जुलकर प्रयास होने चाहिए। इसके लिए मिल-जुलकर प्रयास करने के बजाय हम लोग एक-दूसरे पर दोषारोपण करने में लगे हुए हैं।

महोदय, अभी हमारे एक सांसद ने कहा कि मध्य प्रदेश ने सूखे से निपटने के लिए दो लाख टन अनाज की मांग की थी और अभी तक केवल एक लाख टन अनाज उन्होंने उठाया है। उन्होंने कहा कि हमारे पास ट्रांसपोर्ट के साधन नहीं हैं, इसलिए हम अनाज नहीं उठा सकते हैं, इसलिए ट्रांसपोर्ट की फ्री व्यवस्था रेलवे के द्वारा की जाए। लेकिन मैं आपसे कहना चाहती हूं कि यहां ट्रांसपोर्ट का सवाल नहीं है। राज्यों के पास जो अनाज के भंडार भरे हुए हैं, उसे गांवों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी तो राज्य सरकार को उठानी ही होगी लेकिन राज्य सरकार उस जिम्मेदारी को भी अपने कंधों पर लेने के लिए तैयार नहीं है।

महोदय, मेरे पास एक रिपोर्ट है कि मुरैना में मेरे गांव में भूख से मौतें हुई हैं, वहां पर प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम गई। वहां सुधरा नामक एक आदिवासी महिला ने उनसे कहा कि आप गांव का सर्वे करने आए हैं और केवल एक परिवार को देखकर वापस जा रहे हैं, जब कि पूरे गांव में भूख से तबाही मची हुई है और भूख से मौतें हो रही हैं। वहां एक आदिवासी महिला आनंदी से कहा जा रहा है कि टी.वी. चैनल के सामने आप साक्षात्कार दें और यह कहें कि ये मौतें बीमारियों से हुई हैं, भूख से नहीं हुई हैं। यानी कि ये अखबार* हैं, प्रैस *है, मीडिया *है, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया* है? लोग वहां पर घास की रोटियां खा रहे हैं। खर-पतवार नाम का एक पौधा होता है जिसमें चारों तरफ कांटे लगे रहते हैं। उसके पत्तों को उबालकर और उसमें आटा मिलाकर वहां के लोग अपना और अपने बच्चों का पेट भर रहे हैं। और ग्रामवासी खुद कह रहे हैं कि आनन्दी आदिवासी महिला ने खुद कहा है कि मैं अपना बयान क्यों दूं, हम तो खुद घास खा रहे हैं। तो इसमें कहने और सुनने की क्या बात है। वर्षा नहीं हुई है, घर में अनाज नहीं है, पानी नहीं है पेट भरने के लिए, हम घास नहीं खाएंगे तो क्या खाएंगे। वह थोड़ा सा आटा ले आते हैं तथा घास को उबालकर उसमें आटा मिलाकर तथा

* Expunged as ordered by the Chair.

उसके लड्डू बनाकर वह अपने परिवार को खिला रहे हैं। यह हाल है वहां का और उसके बाद यह कहा जा रहा है कि वहां जो मौतें हुई हैं वह बीमारी से हुई हैं, भूख से मौतें नहीं हो रही हैं। मेरे पास अखबार की एक रिपोर्ट भी है जिसमें मध्य प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री खुद कह रहे हैं कि यह बयान असत्य और भ्रामक है। वह जवाब नहीं दे पा रहे हैं। मैं उनसे पूछना चाहती हूं कि मध्य प्रदेश के जो प्रभावित क्षेत्र हैं, 28 अक्तूबर के पहले, आदिवासियों को रोजगार उपलब्ध कराने और अनाज वितरण करने की दिशा में मध्य प्रदेश की सरकार ने क्या कार्रवाई की? उपसभापध्यक्ष महोदय, यह वहां के शासन से पूछा जाना चाहिए। जबकि वहां के स्वास्थ मंत्री से पूछा जाता है तो स्वास्थ्य मंत्री का जवाब होता है कि हमें इसकी जानकारी नहीं है। तो सरकारों द्वारा किस तरह से लापरवाही बरती जा रही है, लोग मर रहे हैं, त्रस्त हैं और वहां अक्तूबर तक रोजगार उपलब्ध कराने, अनाज वितरण करने की दिशा में सरकार की तरफ से कोई कार्रवाई नहीं हो रही है और स्वास्थ मंत्री महोदय यह कह रहे हैं कि उन्हें इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। इस तरह से दोषारोपण करने से काम नहीं चलेगा। इसी तरह से बतलारपुर में जहां भूख से मौतें हुई हैं चार दिन के अंदर प्रशासन के द्वारा वहां एक वीडियो कैसेट बनाया गया और रातों-रात गांव की तस्वीर बदल दी गई। गांव में जो कच्ची मढ़इया हैं, कच्चे मकान हैं उनकी पुताई करवा दी गई और साथ-साथ वहां लोगों के घरों के सामने ट्रेक्टर खड़े कर दिए गए यह दिखलाने के लिए कि वहां गांव में सम्पन्नता है तथा लोग भूख से नहीं मरे हैं। जब वहां प्रेस की टीम पहुंची तथा वहां के ग्रामवासियों से पूछा गया कि यह ट्रेक्टर आपके हैं तो उन्होंने बताया कि हमें तो पता नहीं है, कोई आकर खड़ा कर गया है। यह अखबार गलत बोल रहे हैं, प्रेस वाले गलत बोल रहे हैं। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि मध्य प्रदेश के पास आज की तारीख में 400 करोड़ का एलौटमेंट का पैकेज है, 70 करोड़ रुपया सरकार ने खर्च किया है। प्रधान मंत्री ग्रामीण सड़क योजना का पैसा पड़ा हुआ है। पहले आप ग्रामों में सड़क का कार्य क्यों नहीं शुरू कराते हैं, आप मजदूरों को क्यों नहीं रोजगार देते हैं जिससे कि वह अनाज खरीद कर अपना पेट भर सकें। ऐसी कई स्कीमों का पैसा सरकार के पास पड़ा हुआ है। आप अपनी मशीनरी को तो ठीक करिए, राज्य की मशीनरी ठीक करिए। वहां की व्यवस्था ठीक नहीं है जबकि दूसरों के ऊपर हम दोषारोपण कर रहे हैं। बी.पी.एल. की स्कीम के तहत एक यूनिट को एक महीने के अंदर 35 किलो अनाज दिया जाता है। वह भी प्रोपर नहीं बंट रहा है। आपके पास बी. पी.एल. की स्कीम के तहत कौन से परिवार हैं इसकी सूची भी आपके पास नहीं है तो आप एलौटमेंट कैसे करेंगे। तो राज्य की सरकारों से सूची मांगनी चाहिए। केवल केन्द्र पर दोषारोपण करने और यहां चर्चा करने से काम नहीं चलेगा। पब्लिक डिस्ट्रब्यूशन सिस्टम – सार्वजनिक वितरण प्रणाली राज्यों के अधीन है। उपसभाध्यक्ष महोदय, राज्य उसे नजरअंदाज करते हैं तथा उसको पूरा महत्व नहीं देते हैं। आज सूखे ने जो विकराल रूप धारण किया है उसके पीछे कारण यही है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली ठीक से काम नहीं कर रही है, उसकी ठीक से व्यवस्था नहीं हो पा रही है। गोदामों में अनाज बहुत है, केन्द्र सरकार और देने के लिए तैयार है लेकिन राज्यों के पास वितरण प्रणाली कमजोर होने के कारण अनाज सूखा प्रभावित लोगों को नहीं पहुंच रहा है। इसलिए समस्या केवल राशि की नहीं है। केन्द्र सरकार राशि भी देने और अनाज भी देने के लिए तैयार है, लेकिन आप अपना सिस्टम तो ठीक करिए, आप अपनी मशीनरी तो ठीक करिए, अपनी व्यवस्था तो ठीक करिए। कुछ सांसद तो अपनी हाथ में कैसेट भी लेकर आए हैं यह दिखाने के लिए। मैं यह पूछना चाहती हूं कि वह इससे क्या यह सिद्ध करना चाहते हैं कि यह सारी मौतें बीमारी से हुई हैं, भूख

से नहीं हुई हैं। तो मैं यह पूछना चाहती हूं कि अगर यह सारी मौतें बीमारी से हुई हैं तो इसका मतलब यह है कि जो यहां बहस हो रही है, राज्य राशि की डिमांड कर रहे हैं, इसकी कोई आवश्यकता नहीं है क्योंकि वहां बीमारी से मौतें हुई हैं, वहां सूखा नहीं है। यानी हम यह मान लें कि राज्यों में सूखा नहीं है, बीमारी से मौतें हो रही हैं, भूख से मौतें नहीं हो रही हैं। हमारे इंतजामात खराब हैं, इस बात को हमें स्वीकार कर लेना चाहिए। कई सदस्य टेप लेकर घूम रहे हैं, जो प्रेस कह रही है, जो इलेक्ट्रानिक मीडिया कह रहा है, यानी वे सब के सब हैं। इसका मतलब तो यह है कि हम यह मानकर चलें...।

उपसभाध्यक्ष (श्री संतोष बागड़ोदिया): मैडम, *शब्द अनपार्लियामेंट्री है। जहां-जहां पर *शब्द आया है उसे कार्यवाही से निकाल दिया जाए।

श्रीमती माया सिंह: सर, आई एम सॉरी। मेरा मतलब गलत बयानबाजी करने से है। मैं अपने शब्द वापस लेती हूं। मेरा कहने का मतलब यह है कि इलेक्ट्रानिक मीडिया, प्रेस, अखबारों की तस्वीरें, परिवार की तस्वीरें, परिवार के लोग घास उबालकर खा रहे हैं, घास के लड्डू खा रहे हैं, लोग मर रहे हैं,मौत हो रही है, यह सब दिखाया जा रहा है, क्या प्रेस भी गलत बयानबाजी कर रहा है, गलत कह रहा है?

उपसभाध्यक्ष जी, कुल मिलाकर मैं इन सब बातों के जरिए से कहना चाहती हूं कि केन्द्रीय सरकार, ग्रामीण मंत्रालय, अन्न मंत्रालय द्वारा जो योजनाएं चलाईं जा रही हैं, उन योजनाओं का जो पैसा केन्द्र सरकार के द्वारा, राज्य सरकारों के द्वारा दिया जा रहा है तो इस समस्या पर काबू पाया जाना चाहिए। राज्य सरकारों को भी अपनी सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरुस्त करना चाहिए। जो प्रभावित परिवार हैं, उन प्रभावित परिवारों को अनाज का वितरण सही ढंग से होना चाहिए। इसके साथ-साथ जो सम्पूर्णग्रामीण रोजगार योजना है और काम के बदले जो योजनाएं हैं, इन योजनाओं पर काम प्रभावित गांव में और प्रभावित स्थानों पर सही ढंग से और ईमानदारी से होना चाहिए। हम सभी को मिलकर, राजनीतिक स्वार्थ से ऊपर उठकर इस विकराल सूखे की समस्या का समाधान करना चाहिए। सूखे की समस्या से पूरा देश जूझ रहा है, हमें इसमें दलगत राजनीति से ऊपर उठकर इस समस्या से निजात पाने के लिए प्रभावित परिवारों की मदद करने के लिए मिल जुलकर काम करना चाहिए। इतना ही कहकर मैं अपनी बात समाप्त करती हूं। धन्यवाद।

SHRI N.R. DASARI (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. I would like to confine myself to only two or three problems pertaining to the drought situation, prevailing, more or less, at the national-level, that is, in many States.

For the first time after Independence, we are faced with a drought situation in almost half the country, either in terms of the population or in terms of the geographical area. Of course, the drought situation is not uniform in all the States. It has got its own vagaries also. In some States

* Expunged as ordered by the Chair.

that have been hit by drought, during the course of the monsoon season, they got some rains, but it was not of much use. Therefore, the Central Government should now think on how to meet the alarming situation, which should be treated as 'a national calamity.'

I would only request the Centre to try to help all the States that have been faced with drought, though they have been hit in an uneven manner. It should also consider the gravity of the situation in each of the States. The Government should come forward to help them on a war-footing.

In fact, in our State, the situation is more serious. Out of the 22 districts, actually, 19 districts have been very severely affected by the drought. This year, according to a report that appeared on the 18th, on the eve of our Parliament Session, in the Business Standard, the Rabi croped area would be a mere 8.27 lakh hectares, as against the normal 34.65 lakh hectares; the dry crop area coverage would be only 7.97 lakh hectares, as against the normal 21.8 lakh hectares. In monetary terms, the loss in kharif crop output has been estimated as Rs.3,226 crores, with Rs. 1,887 crores being on account of foodgrains, Rs.647 crores in the case of oilseeds, and Rs.692.5 crores in the case of cotton. This is, in brief, the position. There is so much that has been reported in the Press, which I don't want to go into.

In respect of helping the States immediately, the Central Government is taking certain steps, which I consider as an eyewash. The need of our State is a minimum of Rs. 1,000 crores. But the Centre has given only Rs. 170 crores. The need of the State, so far as foodgrains are concerned, is 15 lakh tonnes of rice, whereas the Government has offered only 5 lakh tonnes. Even of this, only 3 lakh tonnes have been provided so far. We also demand that all the loans be waived, particularly of the poor peasants and the middle-peasants.

Now, much is being talked about the Ganga-Cauvery Project, and the nationalisation of rivers. With due respect to the Prime Minister, I would like to say that the statement he made yesterday in the Lok Sabha is nothing but diversionary. It is totally diversionary. When the people are suffering because of drought, and hunger is staring at the face of the people in rural India, he is speaking about the Ganga-Cauvery, linking of rivers, etc., which is neither feasible from the monetary point of view nor practical on the ground.

On the other hand, if the Central Government were to be kind enough to come forward with Rs.5,000-6,000 crores of assistance, we can have the best possible results in our State, by constructing projects on the Godavari, 80% of which flows into the sea, going waste. I request you consider it. The proposal for nationalisation of rivers and the Ganga-Cauvery project are nothing but diversionary. The Central Government should come forward to help the States immediately, to meet the situation that has arisen because of the serious drought in 14 States. Of course, it is for the Centre to assess how to distribute the funds. I don't want to compare one State with the other. I, once again, would request the Central Government to reconsider the plan on meeting this national calamity.

Thank you, Sir.

DR. T. SUBBARAMI REDDY (Andhra Pradesh): Thank you. Sir, it is most unfortunate for our nation that, today, we are suffering from an unprecedented drought in the country. Perhaps, if you compare the past two decades, our country had never suffered so badly in the past. Almost all parts of the country, particularly, the 14 States, are suffering. I agree with our friend, Dasariji, on in what lies the solution. Merely speaking in Parliament or just finding fault with each other is not going to help. On the one side, there are floods, and the water is going waste. On the other, because of drought, we are suffering. On account of this, we are going to have very serious problems. My request to the Central Government, therefore, is, they must have a plan/programme on how to conserve the flood waters, by concentrating on constructing more and more projects. They must make more funds available. Then only the drought can be controlled, the floods can be controlled, and by this, we will be doing a great service to the country.

If we take Rajasthan, Rajasthan is suffering miserably; it is in a very bad shape. Assistance for it is very less. Recently, when the All India Congress President, Smt. Sonia Gandhi, visited the State, she pleaded with the Central Government to give more assistance to Rajasthan, which is suffering, which she has seen with her own eyes. But, in this connection, a misunderstanding is there with regard to Andhra Pradesh. An impression is created that because she objected giving more money to Andhra Pradesh, the Andhra Pradesh Government could not get more funds. It is totally wrong. I would like to clarify this point before this august House. She never said, "Don't give more money to Andhra Pradesh." The Congress Party has

denied it. The State Government is wanting Rs. 1810 crores, immediately, from the Central Government. But they gave only Rs.170 crores. I agree with our friend when he demands Rs. 1800 crores. It is not right to say that the Congress Party or Smt. Sonia Gandhi objected to it, and, therefore, the Central Government didn't give that much money to Andhra Pradesh. It is not correct.

For Andhra Pradesh, a major setback came when the inflow of waters into the Nagarjuna Sagar, the Nizam Sagar, the Srisailam Dam, the Singoor Dam, and the Tungabhadra Dam suffered. It has to come from Karnataka and Maharashtra. This time, because of drought in those States also, there was no inflow into these dams. As a result, Andhra Pradesh has become a victim of not only the drought in the State, because of lack of rains, but also the non-inflow of water into its various reservoirs.

Also, more importantly, because of drought, instead of 13 lakh plantations, which is the normal every year, we could have only 7 lakh plantations in important parts of Andhra Pradesh. Also, with regard to minor irrigation, almost all the tanks have become dry. As a result, in almost 15 lakh acres, there could not be any plantation. This problem is also there. The borewells have become dry. For the medium irrigation projects, there is no water. I need not repeat. Already, my friends have said about this.

In sum, I say that Andhra Pradesh, to which we belong, is suffering very badly. The people of Andhra Pradesh, the Congress Party, once again request the Central Government to release, immediately, the money as sought by the Government of Andhra Pradesh, *i.e.,* Rs. 1810 crores. Then only one can say that the Central Government is doing justice for the people of Andhra Pradesh.

Recently, all the Ministers of the State Governments met the Finance Minister, Shri Jaswant Singh. They explained the problem. Still, it is at the 'thinking-level' only. I request the Government that in the coming Budget, it must provide sufficient money to meet the challenge of drought. It must work on a war-footing. Also, in the future Budgets, when they take money from institutions like the Asian Development Bank or the World Bank or the international organisations or the Japan Bank, they must give priority to constructing, immediately, some irrigation projects in India, in various States. The Ganga-Cauvery link is only a dream project. It might need, perhaps, lakhs of crores of rupees. We will be happy if it comes about. Immediately, what they must do is, let them concentrate on constructing

irrigation projects all over India, in different parts, allocating Rs.20,000 crores in every year's Budget, so that this unprecedented drought doesn't affect us. Drought is nothing new for the country. This time, we had drought in fourteen States. Some other year, some other States may come under its grip.

In other words, India is facing floods on the one hand; on the other, it is having drought. Some States this time and some other States next time. This unfortunate thing is chasing us continuously. To mitigate this, mere debates, mere speaking, mere finding fault with one another will not help. The real solution lies in Government's action. They should immediately come out with a White Paper on what their strategy is to meet the recurring floods and drought.

Thank you, Sir,

श्री हरेन्द्र सिंह मलिक (हरियाणा)**:** उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि सूखे जैसी ज्वलन्त समस्या पर बोलने का आपने मुझे अवसर प्रदान किया। मान्यवर, दैविक आपदा कभी भी और कहीं भी आ सकती है परंतु अफसोस यह है कि इस भयंकर दैविक आपदा को हल्के तरीके से लिया जा रहा है। महोदय, किसान के साथ मज़दूर भी तबाह हुआ और यही नहीं, क्रय शक्ति समाप्त होने के बाद, जब नब्बे सैकड़ा लोगों की क्रय शक्ति समाप्त होगी तो बाज़ार भी प्रभावित होंगे। हमारी सरकारें शायद प्रभावी कार्यवाही नहीं कर पाईं। मान्यवर, माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा जो बयान सम्मानित सदन लोक सभा में दिया, वह पढ़ा और जानकर प्रसन्नता हुई कि माननीय प्रधानमंत्री जी कहते हैं कि सूखे जैसी गंभीर समस्या पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। लेकिन मैं आपके माध्यम से उनके संज्ञान में लाना चाहता हूं कि पहले अपने कृषि मंत्री जी को रोकें। माननीय कृषि मंत्री जी राजस्थान में गए, प्रदेश राज्य सरकार के खिलाफ बोले, उत्तर प्रदेश के अमरोहा में गए और खुलकर कह कर आए कि सूखे पर हम किसान की कोई मदद नहीं कर पा रहे हैं। यही नहीं, हिसार में जाकर इस देश के उस प्रदेश सरकार के खिलाफ बोलकर आए, जो केवल किसान हितैषी सरकार है। हरियाणा सरकार के बारे में यह कहा गया कि उन्होंने अब तक मांगपत्र नहीं भेजा। मान्यवर, कितनी गंभीर बात है कि माननीय कृषि मंत्री जी के यहां से जो जवाब इसी सदन में मिला, उस जवाब में उन्होंने स्वीकार किया कि हरियाणा ने 1895.18 करोड़ रुपए की मांग की है। वही कृषि मंत्री एक महीने बाद हरियाणा के हिसार शहर में जाकर कहते हैं कि हरियाणा की तरफ से कोई आवेदन नहीं मिला। यही नहीं, जुलाई में उनकी टीम भी वहां सर्वे करके आई और उत्तर प्रदेश में, उत्तर प्रदेश सरकार के साथ-साथ इनको केंन्द्र को भी एलीगेट किया। मान्यवर, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि इन बयानबाजियों की तरफ न जाकर, यह देखें कि किसान का होगा क्या? किसान की मदद के लिए सहकारी संस्थाएं बनीं। मैंने इसी सम्मानित सदन में कहा था कि नेफेड में दलालों का बोलबाला है। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से पुनः अनुरोध करना चाहता हूं कि नेफेड में सरसों की खरीद और बिक्री में जो हुआ, गोले की, नारियल की खरीद और बिक्री में जो हुआ, उसको दिखवा लें, क्योंकि बोर्ड आफ डायरेक्टर्स गलत लोगों का बनाया गया। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से इस भूखे और सूखे किसान की मदद के लिए सरकार से अनुरोध

करना चाहूंगा कि एनसीडीसी को को-आपरेटिव फैडरेशन इसलिए बनाया था कि किसान और कृषि से संबंधित व्यवसाय को मदद करेगी। परंतु उस पर जहां आज तक भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी बैठाया जाता था, उसका राजनीतिकरण कर दिया। मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है कि कुछ लाभ अर्जित करके, किस तरह का लाभ अर्जित किया है, आई कान्ट से बट मैं पुर्णतः श्योर हूं कि लाभ अर्जित करके अपने पीएस की पत्नी को उसमें बैठा दिया, जो कस्टम सेवा की हैं। यह राजशाही चला रहे हैं। डैमोक्रेटिक सैट-अप डैमोक्रेटिक तरीके से चलता है। मैं आपके माध्यम से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि आज पूरे देश का किसान त्राहि-त्राहि कर रहा है। केन्द्र सरकार का कृषि मंत्रालय प्रधानमंत्री जी की इच्छाशक्ति के बावजूद भी, उपप्रधानमंत्री जी के निर्देश के बावजूद भी कोई टास्क-फोर्स नहीं भेज पाया और न ही कोई वाजिब मदद कर पाया है। मान्यवर, बीमा फसल योजना की बात बार-बार होती रही है और बार-बार चुनाव के समय लम्बे-चौड़े भाषण देकर बीमा फसल की बात कही गई, बीमा फसल की बात तो नहीं हो पाई पर सी.टी.बी.टी. कॉटन में सुना है करोड़ो की हेराफेरी हुई है। मान्यवर, सूखाग्रस्त राज्य की मदद के मामले में ये बागपत तक नहीं जा पाए। केवल अखबारों में बयान देने की बात करते रहे। मैं कुछ आंकड़े पेश करना चाहता हूं। हरियाणा में 1895.18 करोड़ रुपए मांगे और मिला 33 करोड़ रुपया। यूपी ने 7539 मांगा, मिला 60, यह ऊंट के मुंह में जीरा है। इससे होगा क्या? आप जल प्रबन्धन नहीं कर पा रहे हैं। जिस समय यह मुल्क सूखे से पीड़ित था, मैं आपके माध्यम से सरकार से जानकारी चाहता हूं कि क्या करने गए थे कृषि मंत्री जी रोम में? उनकी रातें या तो यूपी लखनऊ में रहा करती हैं या दिल्ली में रहा करती हैं। मैं यह जानना चाहता हूं कि इस मुल्क के 80 करोड़ किसान को किसके भरोसे छोड़ रखा है। गांव की एक कहावत है कि "अनाड़ी की चौधर, बुढ़ापे का ब्याह और घर की सियासत घर को खा जाती है" इस विभाग को बचा लो। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं कि जहां 40 सैंकड़ा सिंचित क्षेत्र है, 60 सैंकड़ा से ज्यादा असिंचित क्षेत्र है, मान्यवर, भूजल स्तर रोज गिर रहा है, उसका हम कोई प्रबंध नहीं कर पा रहे हैं। मैं मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं, हरियाणा से आता हूं। हरियाणा में एसवाईएल सतलुज नहर बननी थी, जनवरी 2003 तक बनाने की बात हुई। परन्तु अब तक उस पर कार्य भी प्रारम्भ नहीं हुआ है। आप पंजाब सरकार को दबाव नहीं दे पा रहे हैं। क्या होगा, और उसके बाद हरियाणा सतलुज यमुना लिंक नहर के पानी के बिना रह जाएगा और सियासी लोग इसे दांव में फंसाकर के रख देंगे। इस पर मैं आपका ध्यानकर्षण चाहता हूं, केन्द्र सरकार तत्काल हस्तक्षेप करे। महोदय, मेरे यहां उत्तर प्रदेश में हिंडसन और कृष्णा नदी का पानी जमीन से तीन फिट नीचे गिर रहा है। भूजल का स्तर रोज नीचे गिर रहा है। यह सघन कृषि क्षेत्र है। इसके बारे में केंद्र सरकार को विशेषज्ञों की कोई रिपोर्ट आई है कि आने वाले बीस वर्षों में यह क्षेत्र रेगिस्तान बन जाएगा लेकिन केंद्र सरकार की ओर से इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मैं चाहता हूं कि इस पर कार्रवाई की जाए। काम के बदले अनाज योजना को निश्चित और सुनिश्चित तरीके से चलाया जाए। महोदय, उत्तर प्रदेश का किसान पहले सूखे से मरा, सूखे से बचकर उसने गन्ने की फसल को उगाया, बहुत कोस्टली सिंचाई करके उसने गन्ने की फसल को बचाया। मुझे कहने में कोई संकोच नहीं है, मैं कल भी सम्मानित सदन में कहा था कि जांच होनी चाहिए। हम लोग, जो आरोप लगाते हैं, हमारे भी राजनैतिक चरित्र की जांच होनी चाहिए। हमारे आर्थिक और व्यक्तिगत चरित्र की भी जांच होनी चाहिए। जिन के ऊपर हम जिम्मेदारी के साथ आरोप लगा रहे हैं, उनकी भी जांच होनी चाहिए। यह बात मैं निश्चित रुप से कह रहा हूं कि इसमें पैसा लिया गया है। पैसा लेकर किसान को

बर्बाद करने का काम किया गया है। आज चीनी मिलें बंद हैं। किसान आत्महत्या कर रहा है। ऐसे में हम लोग यहां बैठकर लंम्बे-चौड़े भाषण देते हैं, बयानबाजी करते हैं। यह औचित्यपूर्ण नहीं है। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से पुनः मांग करता हूं कि क्या कारण थे जब विगत वर्षों में मलतपुर चीनी मिल ने किसान का पैसा जमा करा लिया? क्या कारण है कि मिल मालिक चार सौ करोड़ रुपये लेकर बैठा है और किसान को पैसा नहीं दिया जा रहा है? क्या कारण हैकि जो निजी पचास चीन मिल्स हैं वे यह शगूफा खड़ा कर रही हैं कि हम हाई कोर्ट में जाएंगे और सरकार की नीति के तहत, प्रदेश ने जो भाव तय किया है, उसे नहीं देंगे। कहीं न कहीं कोई खोट है। मैं यह बात सीधे-सीधे कहता हूं। मान्यवर, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करता हूं कि जिसकी वजह से आप बदनाम हो रहे हैं, वह कारण आपका नहीं हैं। कहते हैं कि जे-जे पांव पड़े संतन के, ते-ते बंटाधार। ये सबसे पहले चंद्रशेखर जी के साथ गए, बहुत बड़ी पार्टी थी, छह स्टेट में राज था, खत्म हो गया, उसके बाद वी.पी.सिंह जी के साथ गए वे भी खत्म हो गए, उसके बाद देवेगौड़ा जी के साथ गए, वे खत्म हो गए, नरसिम्हाराव जी के साथ गए, वे आज मुकदमें झेल रहे हैं। अब आपके साथ राजनाथ सिंह जी ने वकालत की थी, वे बेचारे गद्दी से गए। आपका क्या होगा? बेहतर यही है कि आप दूरी बनाकर रखिए।

{उपसभापध्यक्ष (श्री रमा शंकर कौशिक) पीठासीन हुए}

मैं आपके माध्यम से अनुरोध करूंगा कि इस देश को बचाइए। ये उद्योग मंत्रालय में गए, उद्योग तबाह, खाद्य और आपूर्ति मंत्रालय में गए, वह भी तबाह, कृषि मंत्रालय में जिस दिन आए थे, कृषि मंत्रालय तबाह होना था। आज अगर किसान को बचाना चाहते हो कुछ करिए। खरीफ की फसल चली गई, रबी की फसल नहीं हो पा रही है। किसान को मदद देने का कुछ काम नहीं हो पा रहा है। मैं आपके माध्यम से केंद्र सरकार से मांग करता हूं कि वह तत्काल हस्तक्षेप करे। रबी की फसल बचाए। किसान को मुआवजा देना चाहिए। रबी की फसल की बुआई नहीं हो रही है। इस का किसान को मुआवजा मिले, गन्ने का भुक्तान हो और जो सूखा पीड़ित किसान है उनके आंसू पोछने का काम हो, मैं पुनः आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहता हूं कि जो कोआपरेटिव संसथान हैं जो किसानों की मदद के लिए बने थे उन में नामांकन की प्रक्रिया क्या है, किस प्रकार के नेफेड में नामांकन किये गए ? ससरसों की दो लाख बोरियां खरीदी गईं। रामायण और महाभारत में कहा गया है कि राजा को कभी व्यापार नहीं करना चाहिए। मैं जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि दो लाख सरसों की बोरी साढ़े बारह सौ या साढ़े तेरह सौ रुपए में खरीदकर रख ली गई हैं। इसमें नैफेड का क्या हाथ है? नैफेड की उच्च स्तरीय जांच न होने का क्या कारण है? महोदय, एन.सी.डी.सी. में आई.ए.एस. की जगह भारतीय प्रशासनिक अधिकारी की जगह, पी.एस. की पत्नी को बिठाकर राजशाही का परिचय दिया है। इसकी उच्चस्तरीय जांच होनी चाहिए। मैं पुनः आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध करता हूं कि केंद्र सरकार हरियाणा जैसे कृषि सघन क्षेत्र को अधिक से अधिक 1895 करोड़ रुपए की तत्काल सहायता मुहैया कराए। जिस तरह से हमने बार-बार प्रयास किया है, पत्र लिखे हैं, अनुरोध किया है उसके लिए कार्य करे। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (Kerala): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for giving me this opportunity to take part in the discussion on the drought situation prevailing in our country. Sir, the drought situation,

